## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 24.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, धर्म परिवर्तन करते ही खत्म होगा अनुसूचित जाति का दर्जा, केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म मानने वालों को ही मिलेगा आरक्षण का लाभ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राज्यसभा में देंगे वक्तव्य, पश्चिम एशिया संकट और भारत की कूटनीतिक रणनीति पर रख सकते हैं देश का पक्ष।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आज करेंगे सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ, झारखंड की 455 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित।
- चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे व्रती, राजधानी रांची समेत राज्यभर के नदी घाटों और जलाशयों में पूजा–अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था।
- बोकारो, धनबाद और सिंहभूम सहित सात जिलों में अगले कुछ घंटों में आंधी–पानी और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की दी सलाह।

********************

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति के दर्जे को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति अपना धर्म परिवर्तन करता है, तो उसका अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाएगा। न्यायालय के अनुसार, संविधान के तहत आरक्षण का यह लाभ केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायियों तक ही सीमित रहेगा। इस फैसले का सीधा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो मतांतरण के बाद भी आरक्षण का लाभ लेना चाहते थे।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राज्यसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया संकट और इस पर भारत की भविष्य की रणनीति को लेकर सरकार का पक्ष साझा करेंगे। प्रधानमंत्री वैश्विक शांति और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में भारत की भूमिका पर जोर देंगे। इससे पहले कल शाम नई दिल्ली में एक निजी मीडिया समूह के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व में जारी अनिश्चितता के बावजूद भारत आत्म–विश्वास और विकास की अपनी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।

********************

आज विश्व तपेदिक दिवस है। इसका उद्देश्य टीबी के स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में तपेदिक मुक्त भारत अभियान की प्रगति की सराहना की। इस वर्ष का विषय हैकृ हाँ, हम तपेदिक समाप्त कर सकते हैं। यह दिन डॉक्टर रॉबर्ट कोच द्वारा 1882 में टीबी बैक्टीरिया की खोज की याद में मनाया जाता है।

********************

राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक राज्य को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 में राज्य में रिकॉर्ड 9 लाख 49 हजार से अधिक संदिग्धों की जांच की गई, जिनमें 67 हजार मरीजों की पहचान कर इलाज शुरू किया गया है। राहत की बात यह है कि झारखंड में टीबी उपचार की सफलता दर 90 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि अब तक 455 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं।

********************

देश की छोटी नदियों पर गहराते जल संकट को देखते हुए आईआईटी आईएसएम धनबाद ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। मिशन वाई के तहत संस्थान की ओर से इन नदियों को बचाने और उनका डेटा तैयार करने की योजना बनाई जा रही है। पिछले 5 वर्षों से इस पर शोध कर रहे प्रोफेसर अंशुमाली ने बताया कि जमुनिया, कतरी, खुदिया और खोदो जैसी सहायक नदियां अतिक्रमण और खनन कचरे के कारण दम तोड़ रही हैं।

********************

रांची के सांसद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने झारखंड में भूमि मुआवजा प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य में जमीन से जुड़े कार्यालय भ्रष्टाचार के अड्डे बन चुके हैं, जहां 1 करोड़ 48 लाख रुपये के मुआवजे के बदले 40 लाख रुपये तक की रिश्वत मांगी जा रही है। सांसद ने आरोप लगाया कि फाइलों को जानबूझकर लंबित रखकर लोगों का भयादोहन किया जा रहा है।

********************

राज्य सरकार ने ईडी अधिकारियों पर लगे मारपीट के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि पेयजल घोटाले के अभियुक्त संतोष कुमार ने जनवरी में ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हाई कोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी, जिसे अब राज्य सरकार ने चुनौती दी है।

********************

रामगढ़ के सिद्धू कान्हु मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है और विभाग द्वारा 80 से अधिक जन–कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

********************

कोलकाता के सरोजनी नायडू कॉलेज के भूगोल विभाग की छात्राओं ने साहिबगंज जिला स्थित राजमहल की पहाड़ियों का चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। डॉ. तुहीन रॉय के नेतृत्व में छात्राओं ने गंगा नदी की गहराई मापने के साथ–साथ करोड़ों वर्ष पुराने जीवाश्मों का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण से छात्राओं को जल–भूगोल के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी मिली।

********************

चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इसे लेकर राज्य भर के नदी घाटों और जलाशयों में पूजा–अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने सफाई, रोशनी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

********************

शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक आज लगभग एक प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 782 अंक की वृद्धि के साथ 73 हजार 478 जबकि निफ्टी 234 अंक बढ़कर 22 हजार 747 पर था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 32 हजार 900 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 40 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य के बोकारो, धनबाद, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, सरायकेला–खरसांवा और सिमडेगा जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। अगले कुछ घंटों में इन क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात की प्रबल संभावना है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे शरण न लें।

******समाप्त*******